अंक 154/ 2019, सोमवार, 03 जून 2019, वि.स. 2076

अभातेयुप जैन तेरापंथ न्युज

# तीन बाधक तत्त्वों से बचकर स्वाध्याय में रत रहने की आचार्यश्री ने दी पावन प्रेरणा

## शातिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी के लिए इमली के वृक्षों से बनाए तोरण द्वार

02.06.2019 पेरनामबट, वेलूर (तमिलनाडु): अपनी प्रथम दक्षिण भारत की यात्रा के दौरान तमिलनाडु की धरा को अपने ज्योतिचरण से पावन बना रहे महातपस्वी, शांतिदूत अखण्ड परिव्राजक के ज्योतिचरण का इंतजार दक्षिण



भारत का कर्नाटक राज्य बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहा है। हालांकि महातपस्वी की तमिलनाडु यात्रा भी अब सम्पन्नता की ओर है। महीनों तक तमिल की धरती पर भाषाई कठिनाइयों के बावजूद आचार्यश्री महाश्रमणजी ने लोगों को जो सद्भावना, नैतिकता और नशामुक्ति का पाठ पढ़ाया है, उससे जन-जन मानस प्रभावित हुआ है और यह प्रभाव लोगों के जन मानस पर लम्बे समय तक अंकित रहेगा।

तमिलनाडु के संभवत: अंतिम दिन अर्थात् रविवार को आचार्यश्री महाश्रमणजी ने अपनी धवल सेना के साथ मोरसापल्ली से प्रात: की मंगल बेला में प्रस्थान किया। आचार्यश्री का जिस मार्ग पर विहार हो रहा था, प्राय: पूरा मार्ग इमली के वृक्षों से आच्छादित था। खट्टे का पर्याय मानी जाने वाली इमली आज शहद से मीठी मुस्कान और अमृतवाणी से जन-जन को सन्मार्ग दिखाने वाले महातपस्वी के स्वागत में मानों तोरण द्वार बनी खड़ी थी। शायद उन वृक्षों की ऐसी आशा जागृत हो रही होगी कि काश! आचार्यश्री के मीठे वचन हमें भी सुनने को प्राप्त हो जाते हैं। प्राय: पूरे विहार मार्ग को आच्छादित किए इमली के वृक्षों ने अहिंसा यात्रा के कारवें को छावं प्रदान कर मानों खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे थे। लगभग दस किलोमीटर का विहार कर आचार्यश्री महाश्रमणजी पेरनामबट में स्थित सेंट पॉल'स मैट्रिकुलेशन स्कूल परिसर में पधारे।






# तीन बाधक तत्त्वों से बचकर स्वाध्याय में रत रहने की आचार्यश्री ने दी पावन प्रेरणा

आज चतुर्दशी होने के कारण मंगल प्रवचन के दौरान आचार्यश्री के दोनों ओर गुरुकुलवासी साधु-साध्वियों की




उपस्थिति थी। यह दृश्य सम्मुख उपस्थित श्रद्धालुओं को आह्लादित कर रही थी तो स्थानीय लोगों को आश्चर्यचकित कर रही थी। आचार्यश्री ने उपस्थित साधु-साध्वियों और समुपस्थित श्रद्धालुओं को पावन प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि मानव जीवन में निषेध का भी अपना महत्त्व होता है। कोई कार्य, कोई वस्तु या पदार्थ जो निषेध किया जाता है, उससे जीवन पर विशेष प्रभाव पड़ता है। निषेध जीवन के स्तर को ऊंचा उठाने वाला हो सकता है। आचार्यश्री ने तीन निषेध-निद्रा को बहुमान न देना, जोर-जोर से संप्रहास का विवर्जन करना और विकथा अथवा मैथुनकथा आदि में रस न लेने उत्प्रेरित किया।

आचार्यश्री ने सदा स्वाध्याय में रत रहने की पावन प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि निद्रा को बहुमान, संप्रहास करना और मैथुनकथा में रस लेना स्वाध्याय के बाधक तत्त्व हैं। इससे साधु-साध्वियों को ही नहीं आदमी को भी बचने का प्रयास करना चाहिए। स्वाध्याय से ज्ञान भी बढ़ता है और चरित्र की निर्मलता भी बढ़ती है। स्वाध्याय से बड़ा कोई तप नहीं होता। आचार्यश्री ने बाल साधु-साध्वियों के समय को स्वाध्याय का स्वर्णिम काल कर स्वाध्याय में रत होने की विशेष प्रेरणा प्रदान की। मंगल प्रवचन के पश्चात आचार्यश्री ने साधु-साध्वियों से प्रश्न पूछे और उन प्रश्नों के सटिक उत्तर भी स्वयं द्वारा प्रदान कर प्रेरित किया। तत्पश्चात हाजरी का क्रम रहा। आचार्यश्री की तमिलनाडु यात्रा की सम्पन्नता के संदर्भ में 'फ्यूरेक' नामक संस्था द्वारा मंगलभावना का कार्यक्रम किया गया। इसमें ऑडियो-वीडियो के माध्यम से आचार्यश्री के जीवनवृत्त को प्रदर्शित किया गया। फ्यूरेक के संयोजक श्री गौतम सेठिया वीडीएस और अध्यक्ष श्री अब्दुल समद ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी। आचार्यश्री ने फ्यूरेक को पावन आशीष प्रदान की।









प्रस्तुति:अभातेयुप जैन तेरापंथ न्यूज़

# आध्यात्मिक मिलन : चेन्नई






मुनि श्री ज्ञानेन्द्रकुमार एवं मुनि श्री जम्बुकुमार का चेन्नई के उपनगरीय क्षेत्र रेड हिल्स में आध्यात्मिक मिलन हुआ। दोनों सिगांड़ों ने सुखसाता पृच्छ खमत खामणा किया। मुनि वृन्द का आगामी चेन्नई चातुर्मास हेतू नगर प्रवेश श्री सम्पतराज छल्लाणी के व्यावसायिक प्रतिष्ठान से सुबह 08.30 बजे जुलूस से प्रारम्भ हुआ। जुलूस क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से रेड हिल्स मेन मार्केट होते हुए एस एस स्थानक भवन में पहुंचा। मुनि श्री ज्ञानेन्द्रकुमारजी ने मंगल मंत्रोच्चार के साथ भवन में प्रवेश करने के बाद धर्मसभा को प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि संतों का समागम व्यक्ति के पाप ताप को हरने में सहयोगी बनता हैं। संत स्वयं तरने वाले और दूसरों को संसार समुन्द्र से पार उतारने में सहभागी बनते हैं। मुनि श्री जम्बुकुमार, मुनि श्री विमलेशकुमार, मुनि श्री पुनीतकुमार ने भी प्रेरणा प्रदान करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई और संतों के आगमन का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आह्वान किया। रेड हिल्स की महिला मण्डल की बहनों ने मंगलाचरण गीत प्रस्तुत किया। तेरापंथ सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री विमल चिप्पड़, अभातेयुप राष्ट्रीय सहमंत्री श्री रमेश डागा, तेयुप अध्यक्ष श्री भरत मरलेचा, महिला मण्डल उपाध्यक्षा श्रीमती पुष्पा हिरण, टीपीएफ अध्यक्ष श्री अनिल लुणावत, श्री गणपतराज डागा, श्रीमती संगीता डागा, एस एस जैन संघ के मंत्री श्री मनोज भण्डारी, श्री अशोक लूणावत ने मुनि श्री को विहार की साता पुच्छते हुए मुनि वृन्द का स्वागत अभिनंदन अपने विचारों, गितीका के माध्यम से किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सेवा प्रभारी श्री सुरेश रांका ने किया। मुनि श्री के मंगल पाठ स्मरण के साथ आज का कार्यक्रम सानन्द परिसम्मपन्न हुआ।

**प्रस्तुति : अभातेयुप जैन तेरापंथ न्यूज़**

# ब्लड टेस्टिंग कैम्प : ATDC अहमदाबाद















तेरापंथ युवक परिषद द्वारा तेरापंथ भवन कांकरिया में ब्लड टेस्टिंग कैम्प ATDC के द्वारा हुआ उसमे 48 जनों ने अपने रक्त की जांच करवाई। उसके बाद अपोलो हॉस्पिटल के द्वारा ब्लड शुगर,ब्लड प्रेशर,ECG, PFT, की टेस्टिंग की गई। डॉक्टर नवल माहेश्वरी(फिजिसियन व कार्डियो) ने रिपोर्ट से सभी को परामर्श दिया व ENT के डॉक्टर श्री हेमांग ब्रह्मभट्ट ने सभी के कान,नाक व गले की जांच की और परामर्श दिया। यह कैम्प निशुल्क था। जिसमे 80 से अधिक व्यक्तियो ने जांच करवाई।

प्रस्तुति : अभातेयुप जैन तेरापंथ न्यूज़

# राजस्थान स्तरीय बालक संस्कार निर्माण शिविर का आयोजन : जसोल

## पांच दिवसीय शिविर में 101 बालक ले रहे है भाग












संस्था शिरोमणि जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के तत्वावधान में तेरापंथ सभा जसोल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राजस्थान प्रान्त स्तरीय संस्कार निर्माण शिविर बालक ( 02 जून से 06 जून ) का आयोजन स्थानीय नाकोडा रोड़ स्तिथ तेरापंथ सभा भवन जसोल में हुआ। समणी रत्नप्रज्ञा ने बालको को अनुशासन, संस्कार आदि के महत्व को बताया। आपने पांच दिनो तक चलने वाले शिविर में कुछ नियम आदि की जानकारी दी। शासनश्री साध्वी भानुकुमारी की सहवर्ती साध्वी हेमरेखा, साध्वी ऋतुयशा, समणी प्रणव प्रज्ञा, समणी भास्कर प्रज्ञा ने भी प्रेरणादायक विचार रखे। कार्यक्रम में तेरापंथ महासभा उपाध्यक्ष गौतमचंद सालेचा, मर्यादाकुमार कोठारी, सिवांची मालाणी तेरापंथ संस्थान अध्यक्ष नेमीचंद आर. चौपड़ा, तेयुप मदुराई के अध्यक्ष जयंतीलाल जीरावला, तेयुप जसोल अध्यक्ष जितेंद्र J. सालेचा, शिविर सयोंजक कांतिलाल ढ़ेलडिया सहित वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये।

इससे पूर्व कार्यक्रम का सुभारम्भ नोखा के बालको द्वारा मंगलाचरण से हुआ। स्वागत भाषण तेरापंथ सभा अध्यक्ष डूंगरचंद सालेचा ने प्रस्तुत किया। समणी वृन्द द्वारा प्रथम सत्र , द्वितीय एवं तृतीय सत्रों में पर्सनालिटी डेवलोमेंट के अंतर्गत बालको के लिए आइस ब्रेकिंग सेशन भी हुआ। कई विषयों पर विस्तार पूर्वक से बच्चों से बातें की। आदतें, व्यवहार, जीवन का लक्ष्य तथा स्वयं का मोटिवेट पर कहानियों, घटनाओं आदि के माध्यम से बताया। इस पाँच दिवसीय शिविर में पूरे राजस्थान से कुल 101 बालक भाग ले रहे हैं। शिविर के प्रायोजक शा. अशोककुमार महावीरचंद कांतिलाल शांतिलाल ढ़ेलडिया बोहरा परिवार जसोल, जोधपुर, सुरत हैं। इस शिविर को लेकर तेरापंथ सभा, तेरापंथ युवक परिषद, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ किशोर मंडल एवं तेरापंथ कन्या मंडल के सदस्य अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अंत मे आभार ज्ञापन शिविर सयोंजक कांतिलाल ढ़ेलडिया ने किया और कार्यक्रम का सफल संचालन सभा मंत्री संपतराज चौपड़ा ने किया।

प्रस्तुति : अभातेयुप जैन तेरापंथ न्यूज़

# प्रेक्षाध्यान कार्यशाला : जयपुर









रविवार को अणुविभा केंद्र,जयपुर में आयोजित प्रेक्षावाहिनी की कार्यशाला में 2 जून 2019 को समण सिद्धप्रज्ञ जी द्वारा प्रेक्षा साधको को प्रेक्षाध्यान का अभ्यास कराया गया। योग एवं प्रेक्षा प्रशिक्षिका रीना जी गोयल के साथ प्रेक्षा प्रशिक्षिका प्रेम जी बोथरा द्वारा 60 से अधिक साधकों को प्रेक्षाध्यान के प्रयोग कराकर उनकी विशेषताओं से अवगत कराया गया, सभी साधको द्वारा समण सिद्धप्रज्ञ जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। साधिका कुमकुम माथुर ने प्रेक्षाध्यान से स्वयं में हुए परिवर्तन और लाभो से अवगत कराते हुए आचार्य महाप्रज्ञ जी द्वारा दी गयी अद्वितीय विद्या प्रेक्षाध्यान का निरंतर अभ्यास करने की सलाह दी।

प्रस्तुति : अभातेयुप जैन तेरापंथ न्यूज़

# आचार्य तुलसी की 23वीं पुण्यतिथि 20 जून को
# चारदिवसीय (17 जून से 20 जून-2019) होंने भव्य आयोजन
## यूथ फेस्टिवल, तुलसी मेरी दृष्टि में सहित अनेक कार्यक्रम होंगे आयोजित : गंगाशहर



**गंगाशहर।** आचार्य तुलसी की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर चारदिवसीय कार्यक्रमों की संयोजना की गई है। आचार्य तुलसी शान्ति प्रतिष्ठान के सम्पूर्ण ट्रस्ट मण्डल की बैठक आशीर्वाद भवन में आयोजित हुई। अध्यक्ष जैन लूणकरण छाजेड़ बताया कि इस बैठक में ट्रस्टियों के अलावा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता भी शामिल हुए। चिकित्सा प्रभारी एवं सहमंत्री जेठमल बोथरा ने बताया कि इस अवसर पर आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर चिकित्सा व अनुसंधान केन्द्र में स्थापित बीएमटी यूनिट में एक कैंसर मरीज का सफल इलाज किया गया। ट्रस्टी डॉ. पी.सी. तातेड़ ने बताया कि नैतिकता का शक्तिपीठ पर तुलसी आइडल प्रतियोगिता की तैयारी की जा रही है। दिल्ली से पधारे ट्रस्टी सुशील जैन ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हो सके, इस तरह के आयोजन होने चाहिए तथा धम्म जागरण का भव्य रूप से आयोजित करने के लिए विख्यात कलाकारों को बुलाना चाहिए। ट्रस्टी डालचन्द भूरा ने सभी सदस्यों एवं दानदाताओं पुण्यतिथि के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। ट्रस्टी गणेशमल बोथरा ने आचार्य तुलसी की पुण्यतिथि के अवसर पर उत्साहपूर्वक प्रभावक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। ट्रस्टी मनोहरलाल नाहटा ने भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल की सदस्या सूधा भूरा ने कार्यक्रम में पधारने के लिए समस्त सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने का दायित्व लिया। तेरापंथी सभा गंशाहर के मंत्री अमरचन्द सोनी ने अधिक से अधिक लोगों को पुण्यतिथि पर नैतिकता का शक्तिपीठ पर आकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की बात कही। बैठक का शुभारम्भ नवकार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुआ।

क्रमशः अगले पृष्ठ पर....

पिछले पृष्ट का शेष..

## आचार्य तुलसी की 23वीं पुण्यतिथि 20 जून को
## चारदिवसीय (17 जून से 20 जून-2019) होंने भव्य आयोजन
## यूथ फेस्टिवल, तुलसी मेरी दृष्टि में सहित अनेक कार्यक्रम होंगे आयोजित : गंगाशहर

आचार्य तुलसी शान्ति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष जैन लूणकरण छाजेड़ ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रमों में 17 से 18 जून, 2019, तक युवा व्यक्तित्व विकास कार्यशाला "यूथ फेस्टिवल" आयोजित होगा जो "आपणी हथाई" के संयुक्त तत्वावधान में होगा। छाजेड़ ने बताया कि 20 जून को वैचारिक अनुष्ठान 'तुलसी मेरी दृष्टि में' आयोजित होगा। 20 जून प्रभात फेरी, प्रातः सूर्योदय से सूर्यास्त तक अखण्ड जप, सुबह 11:20 से 11:30 तक अखिल विश्व स्तर पर एक साथ एक समय जप होगा। 20 जून को सुबह "भावांजलि समारोह" आयोजित होगा। छाजेड़ ने बताया कि "तुलसी आइडल" के लिए फाइनल–राउण्ड में "टॉप–20" चुने जाएंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व ऑनलाइन–ऑडिशन होगा जिनमें से 50 प्रतिभागियों में से 20 का चयन होगा। छाजेड़ ने बताया कि 20 जून को प्रातः 9:00 बजे मुख्य समारोह का आयोजन होगा जिसमें चारित्रात्माओं का सान्निध्य रहेगा। 20 जून को सायं 8:000 से 11:30 बजे तक महाप्राण भक्ति संध्या व तुलसी आइडल की प्रस्तुति होगी। अध्यक्ष छाजेड़ ने बताया कि आचार्यश्री तुलसी की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले विशाल कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसके तहत गंगाशहर, भीनासर के भवन व होटलों में ठहरने के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी। विगत कार्यवाही (15 मई, 2019) का वाचन सहमंत्री जेठमल बोथरा ने किया जिसका सर्वसम्मति से पारित किया गया तत्पश्चात अध्यक्ष जैन

लूणकरण छाजेड़ द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। बैठक में दिल्ली से सुशील जैन व सुमेरमल दफ्तरी, तेयुप अध्यक्ष पवन छाजेड़, तेरापंथ सभा बीकानेर अध्यक्ष पारसमल छाजेड़, मंत्री सुरेश बैद, जीवराज सामसुखा, अशोक चोरड़िया सहित अनेक ट्रस्टी, पदाधिकारी, सदस्य एवं श्रद्धालूगण उपस्थित हुए। बैठक में बीकानेर, गंगाशहर, भीनासर, देशनोक, श्रीडूंगरगढ़ इत्यादि क्षेत्रों से तेरापंथी सभा, महिला मंडल, युवक परिषद, कन्या मंडल की सदस्यगण उपस्थित हुए। ट्रस्टी डालचन्द भूरा ने कहा कि आगन्तुकों के लिए आवास व भोजन की अच्छी व्यवस्था का निर्णय लिया। मुनिश्री कुशलकुमारजी ने कहा कि कार्यकर्ताओं में उत्साह होने से सब कार्य सफलता के साथ सम्पन्न होते हैं। गुरुदेव तुलसी की वार्षिक पुण्यतिथि को महाउत्सव के रूप में मनाया जाय। उनहोंने मंगलपाठ सुनाकर आशीर्वाद प्रदान किया। अणुव्रत गीत का संगान प्रज्ञा नौलखा, ऐश्वर्या बोथरा एवं कन्या मण्डल, गंगाशहर, बीकानेर द्वारा किया गया।



**प्रस्तुति : अभातेयुप जैन तेरापंथ न्यूज़**

# कन्या सुरक्षा मिशन : महिला मंडल जयपुर, शहर







अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल जयपुर शहर हर कार्य को सुचारू रूप से करने का प्रयास करती है *कन्या सुरक्षा* योजना के अंतर्गत "करनी है जीवन की रक्षा कन्याओं की करो सुरक्षा" का स्लोगन मैसेज बनकर को बेंच के माध्यम से जन मानस के पटल पर अंकित करने हेतु अखिल भारतीय ने जो कदम उठाये बहुत ही सराहनीय है । इस कार्य को पूर्ण रूप से नैतिकता के साथ पहुँचाने के लिए जयपुर शहर भी इस संदेश को जन-जन तक पहुंचे ऐसा विशेष ध्यान रखा गया है ।

दिन भर जहां लोगों का आवागमन हो । हॉस्पिटल बगीचों चौराहा आदि सार्वजनिक स्थल पर अनेकों बेंचे रखाई गई है । इसी के अंतर्गत *डॉ अर्चना शर्मा कांग्रेस मीडिया प्रभारी* और *राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुष्पा जी बैद* के शुभ हाथों से निम्न स्थानों पर - *गणेश मंदिर तीन मूर्ति और नारायण सिंह सर्कल* उद्घाटन कराया गया । अर्चना जी ने तेरापंथ महिला मंडल की बहुत प्रशंसा करते हुए कहा है कि आप लोग बहुत अच्छे कार्य करते रहते हैं । अध्यक्ष , मंत्री और मंडल की बहने उपस्थित थी ।

"बेटियो को पढ़ा-लिखाकर शिक्षा व्याप्त करेंगे,
समाज में फैली हर बुराई को समाप्त करेंगे।
कन्या जीवन की रक्षा करना हर किसी के दिल में छा जाए"

**ABTYP JTN**

# चुनाव/मनाव : तेयुप लुधियाना



तेयुप लुधियाना की सत्र 2018-19 की साधारण सभा इक़बाल गंज चौक स्थित आचार्य श्री तुलसी कल्याण केंद्र तेरापंथी भवन में आयोजित की गई । सभा का शुभारंभ नवकार महामन्त्र से हुआ । विजय गीत का संगान किया गया । श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया गया । साधारण सभा मे श्री प्रतीक पटवा ने गत वर्ष हुए कार्यो का वाचन किया तथा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया । अध्यक्ष मनोज धारीवाल ने अपने कार्यकाल में हुए कार्यो का उल्लेख करते हुए सभी सदस्यों का आभार जताया । चुनाव अधिकारी श्री मोहिंदर पाल जी की अध्यक्षता में तेयुप लुधियाना के अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई । चुनाव प्रक्रिया में सभी सदस्यों ने सर्व समिति से श्री तरुण सुराणा को अध्यक्ष पद के लिए नवनिर्वाचित किया गया । नवनिर्वाचित अध्यक्ष को उपस्थित सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी ।



# 5 दिवसीय संस्कार निर्माण शिविर : वापी






वापी में तेरापंथी सभा वापी द्वारा 5 दिवसीय आवासीय संस्कार निर्माण शिविर का आयोजन।(गुजरात व मध्यप्रदेश स्तरीय) गुरुदेव की कृपादृष्टि से आयोजित संस्कार निर्माण शिविर का वापी में शानदार आगाज़।समणी हिम प्रज्ञाजी,समणी रुचि प्रज्ञाजी व समणी धृति प्रज्ञाजी के सान्निध्य में आयोजित। 251 कन्याओं की उपस्थिति। महासभा प्रभारी अनिलजी चंडालिया, सभा अध्यक्ष रमेशजी कोठारी,मंत्री राकेशजी बोथरा, महिला मंडल अध्यक्ष संगीता जी महनोत, तेयुप अध्यक्ष संजयजी भंडारी व सम्पूर्ण टीम ने भरपूर मेहनत की है। सम्पूर्ण शिविर के सभा प्रभारी ललित दूगड़(जैन),महिला मंडल प्रभारी मधु झाबक,चंदा दूगड़ व कन्या मंडल प्रभारी करूणा वागरेचा का शिविर के सफल आयोजन में भरपूर योगदान रहा।



90%

से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

# हमें नाज है

## ABTYP JTN की विशेष प्रस्तुति

## तेरापंथ समाज की प्रतिभा : महक सेठिया

CBSE की 10th बोर्ड 2019 में 93% अंक प्राप्त कर
अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया



मनोज कुमार जी - सुनीता जी सेठिया की सुपुत्री महक सेठिया ने लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादमी कोलकाता WB स्कूल में CBSE की 10th बोर्ड 2019 में 93% अंक प्राप्त कर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया है।

**Team ABTYP JTN wishes you Bright Career Ahead**
**Congratulations to all Talent of Terapanth Samaj**

Email : jtnmain@gmail.com
Visit Us : www.jainterapanthnews.in
Like Us : www.fb.com/jainterapanthnews1

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्
जैन तेरापंथ न्यूज



॥ अर्हम ॥

*Save The Date...*

10.06.2019

# बाग़बान

गायक – विकी पारेख

: तत्वावधान :

## अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद

| श्री.विमल कटारिया ☆ | श्री.संदिप कोठारी | श्री.मनोज संकलेचा ☆ | श्री.जगदीश परमार |
|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामंत्री | परिषद प्रभारी-डोंबिवली | क्षेत्रीय सहयोगी-डोंबिवली |

: आयोजक :

## तेरापंथ युवक परिषद डोंबिवली

| श्री.ललित सिंघवी | श्री.सुरेश बैद |
|---|---|
| अध्यक्ष | मंत्री |

'बागबान' संयोजक : भरत कोठारी - दिलीप बडाला